इसे वेबसाईट **www.govtpressmp.nic.in** से भी डाउन लोड किया जा सकता है.

मध्यप्रदेश राजपत्र

(असाधारण)

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 490] भोपाल, सोमवार, दिनांक 20 अक्टूबर 2014—आश्विन 28, शक 1936

नगरीय विकास एवं पर्यावरण विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 20 अक्टूबर 2014

अधि. क्र. 90-एफ. 1-20-2014-अठारह-3.—मध्यप्रदेश नगरपालिक निगम अधिनियम, 1956 (क्रमांक 23 सन् 1956) की धारा 431 के साथ पठित धारा 427 तथा धारा 430 द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, नगरपालिक निगम, खण्डवा, एतद्द्वारा, उक्त निगम के नगरीय क्षेत्रों में, जन निजी भागीदारी प्रणाली के अन्तर्गत जल के मापन तथा नल संयोजनों के नियमितीकरण के लिए निम्नलिखित उपविधियां बनाता है, अर्थात् :—

उपविधियां

1. (1) **संक्षिप्त नाम, लागू होना तथा प्रारम्भ.**—इन उपविधियों का संक्षिप्त नाम जलमापन तथा नल संयोजन का नियमितीकरण उपविधियां, 2014 है.

(2) ये उपविधियां नगरपालिक निगम, खण्डवा के क्षेत्रों में साथ ही साथ ऐसे क्षेत्रों में लागू होंगी जो उक्त नगरपालिक निगम में सम्मिलित किए जाएंगे.

(3) ये मध्यप्रदेश राजपत्र में इनके प्रकाशन की तारीख से प्रवृत्त होंगे.

2. **परिभाषाएं.**—इन उपविधियों में, जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो,—

(क) "अधिनियम" से अभिप्रेत है, नगरपालिक निगम अधिनियम, 1956 (क्रमांक 23 सन् 1956);

(ख) "उपविधियों" से अभिप्रेत है, किसी रियायत की अवधि के लिए जन निजी भागीदारी के अन्तर्गत जल के प्रदाय के लिए रियायत ग्राही और ग्राहक के बीच के अधिकार और कर्तव्य;

(ग) "वाणिज्यिक संयोजन" से अभिप्रेत है, किसी संस्था/ प्रोप्राइटर/ संगठन जैसे होस्टल, दुकान, थिएटर, लाण्ड्री, कम्युनिटी हाल, निजी अस्पताल, होटल, मैरिज गार्डन, शोरूम, गोदाम तथा इसी प्रकार की अन्य संस्थाओं द्वारा किया गया जल का उपभोग;

(घ) ''वाणिज्यिक संचालन की तारीख'' से अभिप्रेत है, जल प्रदाय योजना के निर्माण के पश्चात् सफलतापूर्वक निरीक्षण पूरा करने की तारीख जो नगरपालिक निगम, खण्डवा द्वारा लिखित में अधिसूचित की जाएगी;

(ङ) ''आयुक्त'' से अभिप्रेत है, नगरपालिक निगम, खण्डवा, आयुक्त;

(च) ''सम्पर्क पाईप'' से अभिप्रेत है, घरेलू, संस्थागत, वाणिज्यिक तथा औद्योगिक भूमि, भवन, गार्डन अथवा उद्योग को जल प्रदाय करने के लिए पाईप लाईनों अथवा उनकी शाखाओं की प्रणाली संयोजन पाईप तथा मीटर इसमें सम्मिलित है;

(छ) ''रियायतग्रही'' से अभिप्रेत है, नगरपालिक निगम खण्डवा द्वारा प्राधिकृत प्राईवेट एजेन्सी जिसे कि करार के अनुसार नियुक्त किया गया हो;

(ज) ''उपभोक्ता'' से अभिप्रेत है, कोई व्यक्ति अथवा संस्था जो वर्तमान में नगरपालिक निगम, खण्डवा से जल प्रदाय का लाभ प्राप्त कर रही हो अथवा जो भविष्य में स्वयं के नाम से अथवा प्रबन्धक के रूप में रियायतग्राही के माध्यम से लाभ प्राप्त करेंगे.

(झ) ''संयोजन पाईप'' से अभिप्रेत है, पाईप का वह भाग जो फेरूल को 'स्टॉप काक' से जोड़ता है;

(ञ) इन उपविधियों के प्रयोजन के लिए ''निगम'' से अभिप्रेत है, नगरपालिक निगम, खण्डवा;

(ट) ''घरेलू संयोजन'' से अभिप्रेत है, लोगों द्वारा केवल घरेलू प्रयोजनों जैसे पेय जल, खाना बनाने, नहाने, धोने, शौचालयों की सफाई व धुलाई, घरेलू बागवानी तथा पालतू जानवरों तथा व्यक्तिगत वातानुकूलन आदि आवश्यकताओं के लिए किया गया जल का उपयोग;

(ठ) ''फेरूल'' से अभिप्रेत है, मुख्य पाईप अथवा उसकी शाखाओं को संयोजन पाईप से जोड़ने वाला संयोजन पाईप का भाग;

(ड) ''औद्योगिक संयोजन'' से अभिप्रेत है, उद्योगों जैसे तेल मिलों, दाल मिलों, पेपर मिलों, आईस फैक्ट्रियों, सर्विस स्टेशनों, कर्मशालाओं, फाउन्ड्रियों, पैकिंग उद्योगों द्वारा किया जाने वाला अथवा किसी अन्य उद्योग द्वारा प्रत्यक्षत: अन्तिम उत्पाद का उत्पादन करने में अथवा उद्योगों में कार्यरत अथवा उनमें रुकने वाले लोगों की घरेलू आवश्यकताओं की पूर्ति करने के लिए किया जाने वाला जल का उपभोग अथवा कोई अन्य उद्योग जो उद्योग विभाग द्वारा परिभाषित किया गया हो;

(ढ) ''संस्थागत संयोजन'' से अभिप्रेत है, संस्थाओं जैसे स्कूलों, महाविद्यालयों, कार्यालयों, अस्पतालों (सरकारी, अर्धसरकारी तथा निजी), धर्मार्थ न्यासों, सार्वजनिक उद्यानों तथा ऐसी संस्थाओं द्वारा किया जाने वाला जल का उपयोग जो लाभ के लिए नहीं चलाई जा रही हों;

(ण) ''मुख्य पाईप'' से अभिप्रेत है, ऐसा पाईप जो जल प्रदाय के प्रयोजन से जल संग्राहक पाईप को जोड़ता है;

(त) ''मीटर'' से अभिप्रेत है, जल की मात्रा को मापने वाला उपकरण;

(थ) ''मूल्य पुनरीक्षण समिति'' से अभिप्रेत है, 4 सदस्यों अर्थात् आयुक्त/ मुख्य लेखा अधिकारी, के एम. सी. इंजीनियर, मुख्य नगरपालिक ऑडीटर तथा रियायतग्राही के एक प्रतिनिधि से मिलकर बनने वाली समिति;

(द) ''सर्विस पाईप'' से अभिप्रेत है, ऐसा पाईप जो स्टाप काक से किसी भवन, संस्था, वाणिज्यिक अथवा औद्योगिक स्थान के परिसरों तथा उद्यान को जल प्रदाय करने में प्रयुक्त होता है;

(ध) ''स्टाप काक'' से अभिप्रेत है, उपभोक्ताओं के परिसरों में प्रदाय किए जाने वाले जल को नियंत्रित करने के लिए संयोजन पाईप के सिरे पर लगा हुआ उपकरण.

टिप्पणी.—उन शब्दों तथा अभिव्यक्तियों के, जो इन उपविधियों में प्रयुक्त हुए हैं, किन्तु परिभाषित नहीं किए गए हैं, वे ही अर्थ होंगे जो कि अधिनियम में उन्हें दिए गए हैं.

3. **रियायतग्राही के कर्तव्य.**—नगरपालिक निगम, खण्डवा उक्त अधिनियम की धारा 221 से 239 तथा धारा 241 से धारा 245 सहपठित धारा 220 की उपधारा (ग) के अधीन ये उपविधियां जारी कर रहा है. निगम, रियायतग्राही जारी कर रहा है. निगम, रियायतग्राही के साथ निम्नलिखित कर्तव्यों और दायित्वों का निर्वहन करने तथा जल प्रदाय के संचालन और संधारण में अपने अधिकारों और शक्तियों का प्रयोग करने के लिए रियायतग्राही के साथ करार कर रहा है, अर्थात्:—

(1) निगम, मध्यप्रदेश राजपत्र में इन उपविधियों की अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से, विद्यमान संयोजनों में मीटर लगाने तथा अवैध संयोजनों को नियमित करने के कार्य में रियायतग्राही तथा उसके कर्मचारिवृन्द को सहायता करेगा.

(2) निगम, रियायतग्राही को, आशयित ''वाणिज्यिक संचालन की तारीख'' को आगामी 23 वर्ष के लिए जल प्रदाय व वितरण प्रणाली सौंपेगा. उसी तारीख से, उपभोक्ताओं से मासिक आधार पर जल प्रभार वसूल करने और संग्रहीत करने का कार्य रियायतग्राही द्वारा किया जाएगा. रियायत की अवधि का अवसान हो जाने के पश्चात् रियायतग्राही इस प्रणाली को अच्छी, चालू हालत में (जिसका निर्धारण निगम द्वारा गठित समिति द्वारा जिसमें रियायतग्राही का प्रतिनिधि होगा, किया जाएगा) बिना किन्हीं दायित्वों निगम को सौंपेगा.

(3) रियायतग्राही, समस्त उपभोक्ताओं को सर्विस प्लाइंट से 12 मीटर की ऊंचाई तक 24 घंटे तथा सात दिन पर्याप्त दबाव के साथ जल प्रदाय उपलब्ध कराएगा. रियायतग्राही का यह दायित्व होगा कि वह वितरण प्रणाली को इस प्रकार सुनिश्चित और संधारित करे जिससे कि उपभोक्ता को जल प्रदाय के समय कम से कम 135 लीटर पानी प्रतिदिन मिल सके. आवश्यक सुधार/ परिशोधन का कार्य शिकायतकर्ता के व्यय पर शिकायत से 3 दिन के भीतर किया जाना चाहिए. निगम का यह दायित्व होगा कि वह विद्यमान पाईप लाईन को प्रतिवर्ष 1 कि.मी. तक बढ़ाए. आवश्यक पाईप निगम द्वारा प्रदाय किए जाएंगे. जोड़ने वाली सामग्री तथा मजदूरी का व्यय रियायतग्राही द्वारा वहन किया जाएगा.

(4) समस्त सम्पत्तियों में (वैयक्तिक अथवा साझेदारी वाली), वाणिज्यिक संचालन की तारीख तक मीटर लग जाना चाहिए. रियायतग्राही, उपभोक्ताओं को अनुसूची-एक में यथाविनिर्दिष्ट पानी के मीटर की रीडिंग के अनुसार मासिक देयक देगा. जल प्रभार, अनुसूची-ट के अनुसार समय-समय पर पुनरीक्षित किए जाएंगे. देयक के अतिरिक्त, जल प्रभारों में, अनुसूची-एक में यथाविनिर्दिष्ट मीटर की कीमत तथा पुनर्संयोजन प्रभार सम्मिलित होंगे.

(5) सम्पूर्ण नगरपालिक निगम क्षेत्र में ''सी पी एच ई ई ओ मैनुअल आन वाटर सप्लाई एण्ड ट्रीटमेंट, मई 1999'' के अनुसार शुद्ध तथा फिल्टर किया हुआ जल प्रदाय किया जाएगा. यह जल प्रदाय आई.एस. 10500 (यथासंशोधित) में विनिर्दिष्ट गाइडलाइनों के अनुसार किया जाएगा.

(6) सम्पूर्ण वितरण प्रणाली को 10 क्षेत्रों में बांटा गया है. प्रत्येक क्षेत्र में प्राथमिकता से एक ओव्हर हैण्ड ''एलीवेटेड सर्विस रिजरवायर (ई एस आर)'' हो जल प्रदाय किया जाएगा. सम्पूर्ण नगरपालिक क्षेत्र को 10 क्षेत्रीय कार्यालयों में विभाजित किया जाएगा, इनमें से एक रियायतग्राही का मुख्य कार्यालय होगा. समस्त क्षेत्रों तथा मुख्य कार्यालय में शिकायतें सुनी जाएंगी और उनका निराकरण किया जाएगा. उपभोक्ताओं को यहां से देयक वितरित किए जाएंगे और जल प्रभार संग्रहीत किए जाएंगे.

(7) प्रत्येक उपभोक्ता को, उसके परिसर में जल प्रदाय के लिए निगम के साथ एक करार (उपभोक्ता करार) करना होगा. उपभोक्ता करार हस्ताक्षरित किए जाने को रियायतग्राही सुकर बनाएगा. विद्यमान वैध उपभोक्ताओं से बिना किसी फीस के करार किया जाएगा.

(8) निगम समस्त अवैध संयोजनों को वैध संयोजनों में संपरिवर्तित करेगा.

(9) रियायतग्राही को जल प्रदाय, जल प्रभारों, मीटर संस्थापन प्रभारों के संग्रहण तथा विच्छेदन का अधिकार होगा. उपरोक्त समस्त कार्य निगम के पर्यवेक्षण में किए जाएंगे.

(10) ''रियायतग्राही'' को नगरपालिक निगम, खण्डवा के क्षेत्र में जल प्रदाय करने का पूर्ण अधिकार होगा. यह करार किया जाता है कि किसी नई सुविधा के निर्माण या विद्यमान सुविधाओं की क्षमताओं में विस्तार के रूप में उसी

प्रकार की कोई प्रतिस्पर्धी प्रणाली स्थापित नहीं की जाएगी. इसका यह अर्थ होगा कि निगम के भीतर जल प्रदाय तथा वितरण के लिए उसी प्रकार की कोई प्रतिस्पर्धी सुविधा अनुज्ञात नहीं की जाएगी. निजी नलकूपों को बंद नहीं किया जाएगा. निगम अथवा रियायतग्राही द्वारा इन्हें हस्तगत नहीं किया जाएगा तथा इनके निजी मालिक अन्य लोगों को केवल घरेलू उपयोग के लिए निःशुल्क जल प्रदाय कर सकेंगे. समस्त सार्वजनिक कुंए, तालाब व हैण्ड पम्प वर्तमान व्यवस्था के अनुसार चलते रहेंगे. ये सुविधाएं रियायतग्राही को नहीं सौंपी जाएंगी.

(11) रियायतग्राही द्वारा सम्पूर्ण संचालन व संधारण कार्य निगम के पर्यवेक्षण में किया जाएगा. रियायतग्राही द्वारा उपभोक्ताओं की समस्त शिकायतें दूर की जाएंगी. यदि रियायतग्राही द्वारा शिकायतें दूर नहीं की जाएं तो उन्हें निगम द्वारा दूर किया जाएगा.

(12) निगम और रियायतग्राही के बीच के "रियायतग्राही करार" की समस्त शर्तें, खण्ड और अनुसूचियां, इन उपविधियों के अधीन लागू होंगी.

(13) इस जल प्रदाय योजना में कोई गैर-राजस्व प्रणाली की व्यवस्था नहीं है. किन्तु समुचित स्थानों और समयों पर धार्मिक तथा सामाजिक कार्यों के लिए निगम, जल प्रदाय की वर्तमान प्रणाली के अनुसार जल का प्रदाय करेगा. निगम, जल प्रदाय की वर्तमान प्रणाली के अनुसार उद्यानों, प्याऊ, फायर ब्रिगेड तथा सार्वजनिक उपयोगिता वाले शौचालयों को भी जल प्रदाय करेगा. संगठन, जल प्रदाय से संबंधित अपने संसाधनों का उपयोग करने के लिए स्वतंत्र होंगे तथा निगम और रियायतग्राही उन्हें अपने अधीन नहीं करेंगे किन्तु संगठन अन्य लोगों को, किसी भी रूप में, भुगतान के आधार पर जल प्रदाय नहीं करेंगे.

(14) वाणिज्यिक संचालन की तारीख के राजपत्र में प्रकाशित होने की तारीख से प्रारम्भ होने वाला समय, अन्तवर्ती अवधि कहलाएगी. इस समय के दौरान समस्त वैध संयोजनों में मीटर लगाए जाएंगे तथा अवैध संयोजनों को वैध किया जाएगा और उनमें मीटर लगाए जाएंगे. इस योजना में वाणिज्यिक संचालन की तारीख से बारह मास तक की अवधि स्थापना अवधि कहलाएगी. इस अवधि के दौरान यह समझा जाएगा कि रियायतग्राही ने जल प्रदाय के लिए समस्त सुविधाएं स्थापित कर ली हैं.

4. (1) **निगम के मुख्य कृत्य.**—निगम, अवैध जल संयोजनों को जुर्माना लेकर नियमित करने के लिए तथा राजपत्र में अधिसूचित किए जाने से 6(छह) मास की अवधि के भीतर मीटर संस्थापित करवाने के लिए एक आम माफी योजना तैयार और घोषित करेगी, यह आम माफी अवधि कहलाएगी. अन्तर्वर्ती अवधि के दौरान, मीटर संस्थापित किए जाने तक उपभोक्ता, उपविधियों में संशोधन के अनुसार फ्लेट दर से भुगतान करेंगे.

(एक) राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से, निगम, रियायतग्राही को मीटर लगाने तथा समस्त अवैध संयोजनों को वैध बनाने में मदद करेगा. इस प्रक्रिया के अन्तर्गत उपभोक्ताओं से आवदेन लिए जाएंगे तथा करार करने की प्रक्रिया की जाएगी. फीस के साथ समस्त आवेदन निगम के कार्यालय में प्रस्तुत और जमा किए जाएंगे.

(क) निगम प्रतिमाह जल के देयक जारी करेगा.

(ख) जल संयोजन के लिए आवेदन प्रस्तुत किए जाएंगे और निगम स्वयं इसकी अनुज्ञा मंजूर करेगा.

(ग) मीटर की कीमत तथा जल संयोजन प्रभार निगम तथा रियायतग्राही के संयुक्त खाते में जमा किए जाएंगे.

(दो) निगम, रियायतग्राही को उपभोक्ताओं की सूची उनके पते, काशन मनी तथा शेष राशि की जानकारी के साथ उपलब्ध कराएगा.

(तीन) निगम, जल संयोजनों के नियमितीकरण के लिये नोटिस जारी करने में रियायतग्राही एजेन्सी के कर्मचारिवृन्द तथा मजदूरों की मदद करेगा.

(चार) उस दशा में, जहां कि, मीटर संस्थापित किए जाने में उपभोक्ता का रियायतग्राही के कर्मचारिवृन्द तथा मजदूरों से कोई विवाद या असहमति है, उक्त विवाद को निगम दूर करेगा.

(पांच) निगम, प्रत्येक तिमाही पर, रियायतग्राही को मीटर की कीमत और संस्थापन प्रभार (अनुसूची-एक के अनुसार प्रति मीटर के लिए यथानिर्धारित) अन्तरित करेगा.

(छह) निगम, राजपत्र में प्रकाशन होने की तारीख से वाणिज्यिक संचालन की तारीख तक जल प्रभारों के समस्त बकाया प्राप्त और संग्रहीत करेगा.

(2) **रियायतग्राही के मुख्य कृत्य.**—(एक) रियायतग्राही, राजपत्र में प्रकाशन होने की तारीख से मीटर संस्थापित करने तथा अवैध जल संयोजनों का नियमितीकरण करने तथा उन्हें मीटर उपलब्ध कराने का कार्य प्रारंभ करेगा.

(दो) रियायतग्राही, अपने मजदूरों व कर्मचारिवृन्द को जल संयोजनों का नियमितीकरण करने नोटिस देने तथा उपभोक्ताओं के परिसरों में मीटर संस्थापित करने के काम में लगाएगा.

(तीन) ऐसे उपभोक्ताओं के मामले में, जो रियायतग्राही से मीटर लगवाने में सहमत नहीं हो, वहां इस प्रक्रिया को निगम पूर्ण करेगा.

(चार) रियायतग्राही, अवैध जल संयोजनों के नियमितीकरण, उपभोक्ताओं के मीटर संस्थापन तथा शेष राशि की वसूली का अभिलेख रखेगा.

(पांच) किसी वर्ष की प्रत्येक तिमाही के अंत में, रियायतग्राही, राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से वाणिज्यिक संचालन की तारीख तक जल प्रभारों की शेष राशि की जानकारी निगम को अन्तरित करेगा.

(छह) किसी वर्ष की प्रत्येक तिमाही के अन्त में, रियायतग्राही, निगम को उन जल संयोजनों के देयक, जो उपभोक्ताओं के परिसरों में संस्थापित किए गए हों प्रस्तुत करेगा और उनका भुगतान भी प्राप्त करेगा तथा उसे भी निगम को प्रस्तुत करेगा.

(सात) रियायतग्राही, 10% मीटर तथा अन्य स्पेयर सामग्री आश्रय के रूप में रखेगा.

(3) **निगम तथा रियायतग्राही द्वारा संयुक्त रूप से किए जाने वाले कृत्य.**—(एक) निगम के समस्त वैध/ अवैध जल संयोजन नियमित किए जाएंगे तथा वाणिज्यिक संचालन की तारीख तक मीटर संस्थापित किए जाएंगे.

(दो) इस जल प्रदाय योजना के अधीन मीटर संस्थापन और विकास का कार्य, उपभोक्ता के हित में एक साथ किए जाएंगे ताकि उपभोक्ता मीटर संस्थापित करवाने में रूचि ले सकें. इस कार्य प्रणाली के लिए निगम तथा रियायतग्राही क्रमशः सहमत होंगे.

स्पष्टीकरण.—इस प्रयोजन के लिए, सार्वजनिक प्रदर्शन के लिए दो क्षेत्र स्थापित किए जाएंगे जिसमें अधिकतम मीटर संयोजन संसिति किए जाएंगे किन्तु जल प्रदाय की मात्रा और गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा.

(तीन) संचालन की अवधि पूर्ण हो जाने से वाणिज्यिक संचालन की तारीख तक, उपभोक्ताओं द्वारा किए गए भुगतान से संबंधित जानकारी रियायतग्राही द्वारा निगम को अग्रेषित व संदत्त की जाएगी. निगम, मीटर लगाने की राशि साथ ही साथ बकाया राशि रियायतग्राही को भुगतान करेगा.

5. **अनुसूची-एक (संशोधित) प्रभारों की वसूली तथा जल प्रभार.**—जल प्रदाय संयोजन के लिए उपभोक्ता प्रस्तुत किया जाने वाला आवेदन—

(1) कोई भी व्यक्ति अथवा संगठन निगम के कार्यालय में, स्थायी/ नए अस्थायी जल संयोजन के लिए अथवा वर्तमान जल संयोजन के अंतरण के लिए अथवा जल संयोजन में किसी परिवर्तन के लिए आवेदन प्रस्तुत कर सकेगा.

(2) आवेदन-पत्र भूमिस्वामी अथवा भवन के मालिक को अथवा उक्त प्रयोजन के लिए प्राधिकृत किए गए किसी समकक्ष अभिकर्ता को दिया जाएगा और भूमिस्वामी अथवा उसके अभिकर्ता द्वारा हस्ताक्षरित किया जाएगा.

भूमिस्वामी अथवा भवन के मालिक को अद्यतन किए गए ऐसे दस्तावेज संलग्न करना होंगे. जो उनके स्वामित्व का समर्थन करते हों और जिनमें सर्वे रजिस्टर, खसरा नम्बर अथवा सरकार अथवा सहायक पंजीयक का सत्यापन, रजिस्ट्रीकरण/ सरकारी पट्टा अथवा रजिस्ट्रीकरण के संबंध में कोई करार अथवा संबंधित भूमि/ भवन के प्रमाण के रूप में विधि के किसी न्यायालय का कोई आदेश सम्मिलित है.

(3) यदि उपभोक्ता किराएदार है तो भूमिस्वामी अथवा भवन के स्वामी को निगम के समक्ष अनापत्ति प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा.

(4) थोक जल प्रदाय के मामले पर अधिनियम तथा उसके अधीन बनाई गई उपविधियों तथा नियमों के उपबंधों के अधीन करार करने के पश्चात् विचार किया जाएगा.

(5) जल संयोजन के विच्छेदन की दशा में उपभोक्ता भूमिस्वामी को विगत माह के जल प्रभार के भुगतान की ऐसी रसीद प्रस्तुत करना होगी जिसमें यह वर्णित हो कि शेष जल संयोजन प्रभारों वा न्यायालय को भुगतान कर दिया गया है और तत्पश्चात् किराएदार जल के पुनर्संयोजन के लिए आवेदन कर सकेगा.

(6) पुनर्संयोजन के प्रयोजन के लिए उपभोक्ता को जल के विच्छेदन को वर्णित करते हुए पन्द्रह दिन अग्रिम आवेदन करना होगा तथा चालू माह में किए गए भुगतानों की रसीदें अग्रिम प्रस्तुत करना होंगी.

(7) वर्तमान वैध जल संयोजन वाले उपभोक्ताओं को जल संयोजन के लिए किसी राशि का भुगतान करने की आवश्यकता नहीं होगी और उनके करार बिना फीस लिए किए जाएंगे.

6. **नए संयोजन की वैधता का विधिमान्यकरण.**—(1) नया संयोजन मंजूर होने के पश्चात्, उपभोक्ता को ऐसी मंजूरी से तीन मास के भीतर जल संयोजन मिलेगा. यदि तीन मास की उक्त कालावधि के भीतर मुख्य पाईप लाइन से जल संयोजन नहीं दिया जाता है तो उक्त मंजूरी निरस्त हो जाएगी और अवैध हो जाएगी. ऐसे मामलों में उपभोक्ता को जल संयोजन के लिए नया फार्म प्रस्तुत करना होगा.

(2) यदि किसी कारण से जल संयोजन का विच्छेदन हो जाता है तो पुनर्संयोजन के लिए निगम को, नीचे दी गई सारणी के अनुसार उपभोक्ता का समस्त शेष प्रभारों का भुगतान करना होगा.

क्र. (1)	संयोजन साईज एम.एम. में (2)	विच्छेद प्रभार (रुपये) (3)	पुनर्संयोजन प्रभार (रुपये) (4)
1	15	100	200
2	20	150	300
3	25	200	400
4	40	250	500
5	50	300	600

टिप्पणी.—उपरोक्त उल्लेखित प्रभार बी.पी.एल. परिवारों के लिए आधी हो जावेगी.

(3) यदि पुनर्संयोजन की अवधि के दौरान किन्हीं कारणों से विच्छेदन हो जाता है और संबंधित उपभोक्ता द्वारा ऐसे जल संयोजन के पुनर्संयोजन के लिए आवेदन नहीं किया जाता है तो ऐसा जल संयोजन निरस्त हो जाएगा और काशनमनी समपहृत हो जाएगी.

7. **सर्विस कनेक्शन एवं मीटर प्रभार.**—(1) वाटर मीटर की प्रारंभिक लागत एवं सर्विस कनेक्शन प्रभार नीचे तालिका में दर्शाए गए अनुसार, उपभोक्ता द्वारा वहन किए जाएंगे.

(2) ये प्रभार प्रत्येक तीन वर्ष पश्चात् प्राईस रिव्हयू, कमेटी द्वारा पुनरीक्षित किए जाएंगे.

अनु-क्रमांक	प्रभार	संयोजन का विवरण				
		15 मि.मी.	20 मि.मी.	25 मि.मी.	40 मि.मी.	50 मि.मी.
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
1	सुरक्षा निधि	900	1500	2500	5000	10000
2	सर्विस कनेक्शन प्रभार फेरूल, सेडल एवं लेबर प्रभार आदि, रियायतग्राही को पुनः प्राप्त होंगे.	300	400	500	600	700
3	रियायतग्राही को वापिस प्राप्त होने वाली मीटर की लागत (मीटर एवं लेबर) (रु.).	1200	1500	1900	4200	7000
	कुल . .	2400	3400	4900	9800	17770

टिप्पणी.—सर्विस कनेक्शन की राशि बी.पी.एल. उपभोक्ताओं के मामले में उपरोक्त दर्शाई गई राशि से आधी हो जाएगी.

(3) थोक उपभोक्ताओं को, जैसे कि को-आपरेटिव सोसायटी अथवा एसोसिएशन ऑफ अपार्टमेंट ओनर्स के मामले में रियायतग्राही द्वारा समुचित साईज का वाटर मीटर लगाकर जल प्रदाय किया जाएगा.

(4) जिसके प्रभार पृथक से निर्धारित किए जाएंगे या उपभोक्ता अमुमोदित मानकों वाला मीटर स्वयं के व्यय पर लगाएगा. मीटर संस्थापित करने की प्रक्रिया जल मापन तथा जल संयोजन का नियमितिकरण उपविधियां, 2014 के अनुसार होगी. उपभोक्ता प्रतिभू-धन निगम कार्यालय में जमा करेगा और उसकी रसीद प्राप्त करेगा. नगरपालिक निगम को रसीद का परीक्षण करने के पश्चात् रियायतग्राही आवेदक को मीटर लगाने के लिए सूचित करेगा. मीटर संस्थापित करने के लिए मीटर का अपेक्षित मूल्य एवं मजदूरी रियायतग्राही द्वारा वहन की जावेगी जिसकी कि प्रतिपूर्ति निगम द्वारा उपरोक्त सारणी के अनुसार की जावेगी.

(5) "जलमापन एवं नल-संयोजन नियमितीकरण उपविधियां, 2014" के अनुसार की जाएगी. अवैध संयोजन की दशा में नियमितीकरण एवं मीटर लगाने की प्रक्रिया. उपभोक्ता को नए संयोजन के लिए उपविधियां, 2014 के उपबंधों के अनुसार आवेदन देना होगा. तभी अवैध संयोजन वैध किए जाएंगे और मीटर संस्थापित किए जाएंगे.

8. **झुग्गी झोपड़ियों के लिए सार्वजनिक जल संयोजन का प्रावधान.**—"वाणिज्यिक संचालन की तारीख" से समस्त सार्वजनिक जल संयोजन विच्छेदित हो जाएंगे. प्रभावित व्यक्तियों/समूहों को संयोजन लेने के लिए प्रेरित किया जावेगा. सामूहिक संयोजन एक साथ 10 मकान तक के अपार्टमेंट/किरायेदारों के लिए दिया जावेगा. इनमें से एक उपभोक्ता का चयन ग्रुप लीडर के रूप में किया जावेगा और वह मीटर संस्थापन प्रभारों एवं जल उपभोक्ता प्रभारों के लिए जवाबदार होगा. सामूहिक संयोजन के अंतर्गत समूह के सदस्यों के लिए केवल एक नल रहेगा जो कि ग्राउण्ड लेवल पर अपार्टमेंट/निवास के बाहर संस्थापित किया जाएगा और यह इस प्रकार से संस्थापित किया जाएगा ताकि प्रत्येक व्यक्ति की उस नल तक पहुंच हो सके. सामूहिक संयोजन का आवेदन व्यक्तिगत संयोजन के ही समान होगा, और उससे संलग्न मानचित्र समस्त हितग्राहियों के नाम दर्शाए जाएंगे. ग्रुप लीडर, समूह के सदस्यों से समस्त बकाया राशि एकत्र करने के लिए एवं उसे रियायतग्राही को भुगतान करने के लिए जवाबदार होगा. यदि ग्रुप लीडर जल उपभोक्ता प्रभारों का भुगतान करने में असफल रहता है तो व्यक्तिगत संयोजन पर लागू रीति के अनुसार ही ऐसे संयोजन का विच्छेद कर दिया जावेगा. ऐसे विच्छेदन की दशा में समूह में सम्मिलित ऐसे उपभोक्तागण नए व्यक्तिगत संयोजन लेने के पात्र नहीं रहेंगे जब तक कि पूर्व के समूह में सम्मिलित उपभोक्ताओं द्वारा बकाया राशि का पूर्ण भुगतान न कर दिया गया हो. नया ग्रुप लीडर बनाया जाने का भी प्रावधान रहेगा.

9. **उपभोक्ताओं को जल संयोजन की अनुमति.**—(1) (क) सभी फिटिंग तथा सर्विस पाइप जो मुख्य पाइप से लगाये जावें तथा आवेदक के परिसरों तक समस्त कार्य आयुक्त व उसके द्वारा प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा अनुमोदित किए गए ड्राईंग के अनुसार तथा अनुज्ञप्ति प्राप्त प्लंबर द्वारा कराए जाएंगे.

(ख) संयोजन पाईप धरातल के नीचे 45 से.मी. से कम नहीं होगा और उक्त पाईप को भवन के अंदर नहीं रखा जाना चाहिए. समस्त पाईपों को इस रूप में रखा या लगाया जाएगा ताकि उस पर गर्मी का असर न हो या उपभोक्ता के पाईप एवं फिटिंग को किसी

प्रकार की क्षति न हो और मल-जल से मिल जाने का खतरा न हो अथवा जल प्रदूषण होने का खतरा न हो. इसके बार सारे पाईपों को किसी भी भवन के अंदर इस प्रकार लगाया जावेगा ताकि ड्यूटी पर मौजूद रियायतग्राही के कर्मचारियों की वहां तक पहुंच हो सके. उपयोग के पूर्व रियाययतग्राही के प्रतिनिधि एवं निगम द्वारा फिटिंग की सामग्री एवं पाईपों को मान्य कराना होगा. जल प्रदाय तब तक प्रारंभ नहीं किया जाएगा जब तक कि रियायतग्राही निगम के प्रतिनिधि एवं निगम द्वारा पाईप लाईन आदि के किए गए कार्य को अनुमोदित न कर दिया गया हो.

(ग) सर्विस पाईप में लगे समस्त कॉक एवं टेप, स्क्रू डाउन पेटर्न अनुसार होंगे और वे निगम के नियमों/उपविधियों द्वारा विहित गुणवत्ता के अनुसार होंगे.

(घ) रियायतग्राही एवं निगम के पूर्व अनुमोदन के बिना कोई भी उपभोक्ता किसी भी पाईप या संयोजन की कोई भी फिटिंग नहीं हटाएगा, उसे परिवर्तित या विस्तारित नहीं करेगा या उसे नहीं बदलेगा.

(2) जल प्रदाय हेतु उपयोग में लाया जाने वाला कोई भी पाईप अच्छी रीति में रखा जाएगा अथवा ऐसे स्थान पर नहीं रखा जाएगा जहां से कि जल प्रदूषित हो सकता हो या जहां पाईप क्षतिग्रस्त हो सकता हो. हालांकि अपरिहार्य मामलों में ऐसे उपभोक्ताओं के पाईप बाह्य एयर टाईट व वाटर टाईट पाईप अथवा कास्ट आयरन से बने जैकेट या रियायतग्राही द्वारा अनुमोदित सामग्री का होकर समुचित लम्बाई व मजबूती का होना चाहिए और इस प्रकार के निर्माण से अन्दर के पाईप समुचित रूप से संरक्षित होना चाहिए. इसकी लागत उपभोक्ता द्वारा वहन की जावेगी.

(3) (क) प्रत्येक स्थान पर विशेष संयोजन से जल प्रदाय किया जावेगा और एक से अधिक स्थानों पर जल प्रदाय हेतु एक ही संयोजन पाईप का उपयोग नहीं किया जावेगा. बशर्ते कि स्थानों के खण्ड या समूह होने की दशा में इस प्रकार के जल प्रभारों का भुगतान एक ही स्वामी द्वारा किया जावेगा. उपरोक्त स्वामी को पर्याप्त साईज का एक संयोजन पाईप बाबद् विकल्प प्राप्त होगा जो कि इस प्रकार के समूह या ब्लॉक के लिए पर्याप्त होगा और जो रियायतग्राही द्वारा अनुमोदित हो.

(ख) संयोजन पाईप में स्टाप कॉक एवं मीटर का स्थिति रियायतग्राही द्वारा सुनिश्चित की जावेगी. जो केवल संचालन द्वारा नियंत्रित होगी.

(ग) 25 एमएम या उससे ऊपर के साईज के संयोजनों हेतु विशिष्ट डिजाइन वाले स्टाप कॉक के स्पिंडल हेड के क्रच के साथ फिट किया जावेगा जो कि रियायतग्राही द्वारा रखे गए व्हील या ''की'' के अनुकूल हो. इसका अनुमोदन भी रियायतग्राही द्वारा किया जाएगा.

(4) किसी भी उपभोक्ता का नल उपभोक्ता के परिसर के बाहर नहीं लगाया जावेगा. खुली नालियों के पास अथवा ऐसे स्थानों पर जहां खरतनाक गैस उत्पन्न हो सकती हो, कोई भी नल नहीं लगाया जावेगा. किसी भी टैंक या जलाशय में कोई भी नल या कॉक नहीं लगाया जावेगा अथवा उक्त टैंक या जलाशय के कंटेनर के किसी भी हिस्से में संयोजन पाईप से साईफन बेक का कार्य नहीं किया जावेगा.

(5) जो उपभोक्ता उपविधियों के उपबन्धों को भंग करेगा उसे रियायतग्राही एवं निगम को व्ययों की प्रतिपूर्ति करना होगी. इसमें असफल रहने पर उपभोक्ता को बिना नोटिस दिए, संयोजन विच्छेद कर दिया जाएगा.

(6) स्टॉप कॉक या मीटर तक लीकेज या बिना स्टॉफ कॉक के लीकेज के व्ययों को रियायतग्राही द्वारा वहन किया जाएगा. किन्तु इस पाईन्ट के ऊपर के लीकेज के व्यय उपभोक्ता द्वारा वहन किए जाएंगे. यदि इस पाईन्ट के ऊपर के लीकेज को हटाने में उपभोक्ता असफल रहता है तो रियायतग्राही एवं निगम को यह अधिकार होगा कि वह उपभोक्ता के व्यय पर इस गडबड़ी को दूर करे.

10. **नए कनेक्शन हेतु रोड कटिंग.**—(1) उपभोक्ता को या उपभोक्ताओं के समूह को संयोजन की स्वीकृति के पश्चात् संबंधित स्थानीय निकाय या शासकीय विभाग से रोड कटिंग की अनुमति प्राप्त करनी होगी. वह ऐसे विभाग/ प्राधिकारी को रोड कटिंग बाबद् निर्धारित शुल्क का भुगतान करने का दायी होगा. पाईपों के पूर्व एवं मुख्य संयोजन के पहले इस प्रकार की रोड कटिंग की अनुमति रियायतग्राही एवं निगम को लिखित में प्रस्तुत की जावेगी.

(2) **अनधिकृत उपयोग बाबद् शुल्क.**—जल का उपयोग उसी प्रयोजन के लिए किया जाएगा जिस हेतु संयोजन दिया गया है यदि कोई उपभोक्ता संयोजन में दिये गए प्रयोजन के अलावा किसी अन्य प्रयोजन के लिए जल का दुरुपयोग करता हुआ पाया जाता है तो उसे दुरुपयोग किए गए जल की मात्रा का दोगुना प्रभार जमा करना होगा.

(3) **ओवर हेड टेंक में उपभोक्ता द्वारा वाटर पंपिंग प्रतिबंध.**—रियायतग्राही समुचित दबाव के साथ जल प्रदाय करेगा. कोई भी उपभोक्ता ओवर हेड टेंक में जल संयोजन से सीधे पम्प द्वारा प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से जल प्रदाय नहीं करेगा. यदि यथास्थिति उपभोक्ता अथवा उपभोक्ताओं का समूह अथवा स्वामी यदि वे चाहें तो अपने खर्च से ग्राउंड लेवल पर सम्पटैंक की निर्माण की व्यवस्था कर सकते हैं ताकि ओवर हेड टेंक तक जल लिफ्ट किया जा सके. यह सारी व्यवस्थाएं उपभोक्ता द्वारा निगम द्वारा दिए गए मुख्य ग्राउंड लेवल से जल प्राप्त करने के पश्चात् प्रदान की जावेगी.

किसी भी दशा में निगम के स्वामित्व वाली पाइप लाईन से अथवा उपभोक्ता की पाईप लाईन के संयोजन से सीधे जल चढ़ाने की अनुमति नहीं होगी.

(4) **अवशिष्ट जल का समुचित निपटारा.**—उपभोक्ता अथवा स्वामी या उपभोक्ताओं का समूह उनके संयोजन से जल का उपयोग करने के पश्चात् अवशिष्ट जल के निपटारे की समुचित व्यवस्था करेंगे. उपभोक्ता या स्वामी या उपभोक्ताओं के समूह निगम द्वारा विरचित किए गए नियमों के अन्तर्गत यह कार्य करने के लिए बाध्य होंगे.

(5) **मीटर का संस्थापन.**—(एक) उपभोक्ता द्वारा स्वीकृति हेतु आवेदन के साथ संलग्न ड्राईंग में दर्शाई गई साईट/ स्थान पर मीटर संस्थापित किया जाएगा एवं उपभोक्ता मीटर की सुरक्षा, चोरी, क्षति, दुरूपयोग के लिए उत्तरदायी होगा. रियायतग्राही द्वारा दिए गए नोटिस के बावजूद सात दिन में वह ऐसा करने में असफल रहता है तो रियायतग्राही उपभोक्ता के व्यय पर जोखिम से मीटर, चेम्बर एवं फिटिंग को सुरक्षित रखेगा.

(दो) यदि मीटर खराब हो जाता है तो रियायतग्राही इसे या तो नए मीटर अथवा रियायतग्राही के वर्कशाप में दुरूस्त मीटर से बदल देगा. उपभोक्ता द्वारा दिए गए नोटिस की तारीख से 15 दिन के अंदर वर्कशॉप में उस मीटर का टेस्ट कराया जाएगा.

(तीन) संस्थापित किए जाने वाले/ बदले जाने वाले मीटर इस शिड्यूल में दिए गए मानकों एवं विशिष्टताओं के अनुसार होंगे.

(चार) मीटर इस प्रकार से संस्थापित किए जाएंगे कि उनमें हमेशा पानी भरा रहे और उनमें से पानी का आंशिक प्रवाह न हो.

11. **मीटर के मानक एवं गुणवत्ता.**—मीटर के मानक निम्नानुसार होंगे:—

(एक) ई ई सी (यूरोपियन एकॉनॉमिक कम्यूनिटी) मार्कड/ एप्रुड इनफेरेंशियल मल्टी-जेट, स्ट्रेट रीडिंग ड्राय डायल वाटर मीटर, विथ मेग्नेटिक ड्राईव ऑफ क्लाथ बी.—

(क) नॉन रिटर्न वाल्व के साथ

(ख) वायरलेस माडम के जरिए रिट्रोफिटिंग ऑटोमेटिक मीटर रीडिंग इन्टरफेस सुविधा के साथ

(दो) मीटर को निम्नलिखित मानकों वाला होना चाहिए:—

IS-779/94 तथा ISO-4064

(तीन) एक प्रोजेक्ट ऐरिया में दो से अधिक प्रकार या ब्राण्ड के मीटर नहीं लगाए जा सकेंगे. मीटर सप्लायर्स को मीटर रिपेयर के लिए एक वर्कशाप स्थापित करना होगी.

(चार) रियायतग्राही के पास रिपेयर के प्रयोजन के लिए हेतु स्पेयर पर्याप्त मात्रा में होना चाहिए.

(पांच) मीटर के प्रकार तथा ब्राण्ड को अन्तिम रूप दिए जाने के पूर्व रियायतग्राही को मीटर टेस्टिंग हेतु फ्लूड कंट्रोल रिसर्च इंस्टीट्यूट (एफसीआरआई/ सीडब्ल्यूपीआरएस से टाईप टेस्ट एवं लाईफ टेस्ट एक्सेलेरेटेड इन्ड्यूरेंस टेस्ट) आई एस ओ-779/94 की आवश्यकताओं के अनुरूप कराना होंगे. निगम इंजीनियर द्वारा सेंपल परीक्षण हेतु रेंडम टेस्टिंग प्रक्रिया अपनाई जावेगी. शेष मीटरों के परीक्षण हेतु निर्माताओं से परीक्षण प्रमाण-पत्र प्राप्त करना होंगे.

(छह) रिपेयर के पश्चात् ऐसे प्रत्येक मीटर के लिए मापने की सटीकता हेतु एफसीआरआई/ सीडल्यूपीआरएस सीटीज में मीटर का उपयोग होगा. समस्त परीक्षण सुविधाएं स्वयं ही स्थापित की जावेंगी.

12. **मीटर खराब हो जाने पर की जाने वाली कार्रवाई.**—(एक) उपभोक्ता से शिकायत प्राप्त होने पर रियायतग्राही का प्रतिनिधि संयोजन वाले स्थान पर समस्त स्पेयर एवं टेस्टेड मीटर के साथ जाएगा और वह वहां से दोषपूर्ण मीटर निकाल कर उसके बदले में टेस्ट किया हुआ मीटर लगाएगा.

(दो) नियमित मीटर रीडिंग के समय अथवा रूटीन निरीक्षण के दौरान यदि रियायतग्राही का कोई प्रतिनिधि या निगम का प्रतिनिधि यदि मीटर में कोई दोष पाता है तो उपरोक्त कंडिका (एक) में वर्णित प्रक्रिया का अनुसरण किया जाएगा.

(तीन) असामान्य/ सबनार्मल रीडिंग के संबंध में शिकायत को, दोषपूर्ण मीटर के रूप में लिया जावेगा और उसे उपरोक्तानुसार बदला जावेगा.

(चार) यदि परीक्षण करने पर मीटर खराब निकलता है तो पिछली रीडिंग से प्रारंभ होने वाली अवधि के दौरान जल उपभोग की मात्रा गत रीडिंग के दिनांक से जब मीटर ठीक कर लगाया गया अथवा नया मीटर लगाया गया तब तक की गणना पर अधिकतम मात्रा की गणना निम्नानुसार की जावेगी:—

(क) मीटर द्वारा रिकार्डेट वास्तविक जल उपयोग की खपता यदि परीक्षण पर पाया जाए जिसमें कि 5 प्रतिशत तक स्लो या फास्ट शामिल है;

(ख) ठीक दो माह पहले अथवा उसके बाद की अवधि की वास्तविक रीडिंग के औसत पर.

(पांच) निम्नांकित परिस्थितियों में मीटर खराब समझा जावेगा, अर्थात् :—

(क) यदि परीक्षण करने पर वह 5 प्रतिशत से अधिक फास्ट या स्लो पाया जाए.

(ख) यदि निरीक्षण के दौरान इसे क्षतिग्रस्त या छेड़छाड़ किया गया पाया जाए.

(ग) यदि उसमें से निकले पानी के उपभोग को रजिस्टर नहीं किया जा सके.

(घ) यदि मीटर द्वारा पानी की खपत की रीडिंग में कोई प्रत्यक्ष त्रुटि हो.

13. **मीटर का परीक्षण.**—(एक) मीटर की रिपेयरिंग व परीक्षण के लिए रियायतग्राही एक वर्कशॉप स्थापित करेगा एवं उसमें स्पेयचर पार्टस का पर्याप्त स्टॉक रखेगा. यदि मीटर संस्थापित कर दिए जाने के पश्चात् किसी भी समय उपभोक्ता यह चाहे कि उसके कनेक्शन में मीटर का लगी हुई स्थिति में परीक्षण किया जाए तो वह लिखित में रियायतग्राही को एक आवेदन देगा और एडवांस में निर्धारित टेस्टिंग फीस जमा करेगा जो कि निम्नांकित तालिका में दी गई है. रियायतग्राही के वर्कशॉप पर मीटर टेस्टिंग के पश्चात् यदि यह पाया जाए कि वह सामान्य से 5 प्रतिशत से अधिक फास्ट है तो उपभोक्ता को डिपाजिट राशि या टेस्टिंग फीस वापस कर दी जावेगी एवं ठीक किए हुए मीटर से उस दिनांक से, जब उपभोक्ता द्वारा लिखित शिकायत की गई हो, रिकार्ड किए गए उपभोग के आधार पर वाटर बिल संशोधित किए जाएंगे और अगले बिल के समायोजन बावत् उपभोक्ता के नाम से आधिक्य वाले वाटर बिल

अथवा क्रेडिट को रिकार्ड किया जाएगा. किन्तु यदि मीटर 5 प्रतिशत की लीमिट में फास्ट या स्लो पाया जाता है तो टेस्टिंग फीस समपहृत हो जावेगी. वाटर मीटर टेस्टिंग की फीस निम्नानुसार होगी:—

सारणी

सरल क्रमांक	संयोजन की साईज एम.एम. में	परीक्षण एवं संस्थापन फीस
1.	15	50
2.	20	75
3.	25	100
4.	40	125
5.	50	150

टिप्पणी.—वाटर मीटर परीक्षण की फीस में प्रत्येक तीन वर्ष के पश्चात् 5 प्रतिशत की वृद्धि होगी.

(दो) यदि रियायतग्राही को यह विश्वास करने का कारण है कि मीटर स्लो चल रहा है तो रियायतग्राही उसके वर्कशॉप में मीटर परीक्षण करा सकेगा. यदि मीटर में उपभोक्ता द्वारा छेड़छाड़ की गई हो तो उपभोक्ता से मीटर सुधारने की कीमत वसूलने का अधिकार रियायतग्राही को होगा.

(तीन) रियायतग्राही अपने खर्च से प्रत्येक तीन वर्ष पश्चात् प्रत्येक मीटर की सर्विसिंग करेगा.

14. **मीटर का क्षतिग्रस्त होना और चोरी जाना.**—जहां मीटर निरीक्षण के दौरान क्षतिग्रस्त अवस्था में पाया जाता है तो उपभोक्ता निम्नांकित व्यय देने के लिए बाध्य होगा:—

(एक) यदि यह पाया जाए कि सील निकाल ली गई है या तोड़ दी गई है या आंशिक रूप से मीटर क्षतिग्रस्त हो गया है तो रिटेल उपभोक्त को रिसीलिंग फीस एवं जुर्माने बाबद रुपये 500 एवं रिपेयरिंग चार्ज के अलावा रुपये 1000 का भुगतान करना होगा.

(दो) यदि जानबूझकर क्षति करने के कारण मीटर काम के अयोग्य हो जाता है तो उपभोक्ता मीटर की लागत के तालिका अनुसार मीटर की पूरी कीमत एवं कंडिका (एक) में निर्दिष्ट रीसिलिंग फीस तथा जुर्माना वसूल किया जाएगा.

(तीन) यदि वाटर मीटर की चोरी हो जाए तो उपरोक्त कंडिका (2) के अनुसार कार्रवाई की जावेगी जो कि प्रचलित निर्धारित नियमों के अन्तर्गत की जाने वाली कार्रवाई से अलग होगी.

सारणी

क्र.	पानी की मासिक खपत	आवासिक/ घरेलू संयोजन		वाणिज्यिक संयोजन	औद्योगिक संयोजन	संगठनात्मक/ संस्थागत संयोजन
(1)	(2)	(3)		(4)	(5)	(6)
1	प्रतिमाह 20 किलोलीटर तक	प्रतिमाह 20 किलोलीटर तक	11.95 रुपये प्रति किलोलीटर	23.90 रुपये प्रति किलोलीटर	35.85 रुपये प्रति किलोलीटर	17.90 रुपये प्रति किलोलीटर
2	प्रतिमाह 20 किलोलीटर से 30 किलोलीटर तक	प्रतिमाह 20 किलोलीटर तक	11.95 रुपये प्रति किलोलीटर	23.90 रुपये प्रति किलोलीटर	35.85 रुपये प्रति किलोलीटर	17.90 रुपये प्रति किलोलीटर
		प्रतिमाह 20 से 30 किलोलीटर	16.95 रुपये प्रति किलोलीटर	33.90 रुपये प्रति किलोलीटर	50.85 रुपये प्रति किलोलीटर	25.40 रुपये प्रति किलोलीटर

(1)	(2)	(3)		(4)	(5)	(6)
3	प्रतिमाह 30 किलोलीटर से अधिक	प्रतिमाह 20 किलोलीटर तक	11.95 रुपये प्रति किलोलीटर	23.90 रुपये प्रति किलोलीटर	35.85 रुपये प्रति किलोलीटर	17.90 रुपये प्रति किलोलीटर
		20 से 30 किलोलीटर	16.95 रुपये प्रति किलोलीटर	33.90 रुपये प्रति किलोलीटर	50.85 रुपये प्रति किलोलीटर	25.40 रुपये प्रति किलोलीटर
		30 किलोलीटर से अधिक	21.95 रुपये प्रति किलोलीटर	43.90 रुपये प्रति किलोलीटर	65.85 रुपये प्रति किलोलीटर	32.90 रुपये प्रति किलोलीटर
4	प्रतिमाह बिना खपत अथवा न्यूनतम खपत के लिए न्यूनतम जल प्रभार.	रुपये 60.00		रुपये 120.00	रुपये 180.00	रुपये 90.00

टिप्पणी.—(1) ऐसे उपभोक्ता जिन्हें कि नगरपालिका निगम द्वारा गरीबी रेखा से नीचे का समझा गया है, के लिए दरें, उपरोक्त दरों की आधी (पचास प्रतिशत) होंगी.

(2) गरीबी रेखा से नीचे के परिवारों के लिए न्यूनतम जल प्रभार बिना खपत अथवा न्यूनतम खपत के लिए 30 रुपये होगा.

(3) बल्क प्रदाय की स्थिति में, घरेलू उपभोक्ता से न्यूनतम खपत अथवा बिना खपत पर 500 रुपये प्रतिमाह का भुगतान करना होगा.

(4) सम्पूर्ण व्यवस्था के पूर्ण होने तक उपभोक्ता को प्रति संयोजन प्रतिमाह 200 रुपये का एक समान जल प्रभार प्रभारित किया जाएगा. गरीबी रेखा से नीचे के परिवारों तथा झुग्गी बस्ती क्षेत्रों के लिए उक्त प्रभार आधे होंगे. झुग्गी बस्ती क्षेत्रों में सार्वजनिक नल लगाए जाएंगे, हितग्राहियों से 100 रुपये प्रतिमाह प्रभार लिया जाएगा.

बल्क दरें (मीटर रीडिंग द्वारा) निम्नानुसार होंगी:—

आवासिक/ घरेलू संयोजन	—	11.95 रु.	प्रति किलोलीटर
संगठनात्मक/ संस्थागत संयोजन	—	17.90 रु.	प्रति किलोलीटर
वाणिज्यिक संयोजन	—	23.90 रु.	प्रति किलोलीटर
औद्योगिक संयोजन	—	35.85 रु.	प्रति किलोलीटर

(सरकार द्वारा अवधारित दरें स्वीकार्य होंगी).

(एक) रियायतग्राही मीटर रीडिंग के 10 दिवस के भीतर देयक (बिल) जारी करेगा. भुगतान के लिए अधिकतम समय 30 दिन होगा. विलम्बित भुगतान की स्थिति में रियायतग्राही विलम्ब शुल्क के रूप में उपभोक्ता से शेष राशि पर 1 प्रतिशत प्रतिमाह का प्रभार लगाएगा. विलम्ब शुल्क, विलम्ब शुल्क पर प्रभारित नहीं किया जाएगा.

(दो) रियायतग्राही को संयोजन काटने का अधिकार है. यदि उपभोक्ता दो माह की कालावधि के भीतर देयक का भुगतान नहीं करता है तो रियायतग्राही नगरपालिक निगम के पूर्व अनुमोदन से संयोजन काटने के लिए प्राधिकृत रहेगा.

(तीन) रियायतग्राही संयोजन राशि, शेष राशि और जल देयक राशि के भुगतान के पश्चात् जल संयोजन पुनः जोड़ देगा.

(चार) रियायतग्राही प्रत्येक तीन वित्तीय वर्ष के पश्चात् प्रभारों का पुनर्निर्धारण, मूल्य निर्धारण समिति और स्वतंत्र संपरीक्षक की देख-रेख में करार में दिए गए निबंधनों और शर्तों के अनुसार किया जाएगा. प्रभारों को बढ़ाने की प्रक्रिया करार (संशोधित) की अनुसूची के में दिए गए सूत्र के अनुसार की जाएगी. पुनरीक्षित जल प्रभार मेयर इन कौंसिल तथा साधारण परिषद् की मंजूरी के पश्चात् लागू की जाएगी.

(पांच) उपरोक्त के अलावा, जल प्रभार विद्युत् प्रभारों की दर के अनुसार, विद्युत् के स्वयं के स्त्रोत के अनुसार और नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण के पुनरीक्षण के अनुसार बढ़ाये या घटाये जाएंगे.

(छह) जल प्रदाय योजना की प्रचालन कालावधि में रियायतग्राही द्वारा संग्रहीत किए गए समस्त प्रभार एस्क्रो खाते में जमा किए जाएंगे.

जल प्रदाय संयोजन हेतु आवेदन फार्म

(नगरपालिक निगम, खण्डवा के नियम एवं विनियम के अनुसार संशोधन किये जाने योग्य)

फार्म जारी किया .....

केस नं. ..... दिनांक .....

फार्म जमा करने का अंतिम दिनांक .....

प्रति,

के. एम. सी. अभियंता,
नगरपालिक निगम, खण्डवा

महोदय/ महोदया,

निवेदन है कि, मुझे जल प्रदाय योजना के अन्तर्गत . . . . . मिलीमीटर व्यास का संयोजन प्रदान करने का कष्ट करें.

नाम	:	.....
पिता/ पति का नाम	:	.....
प्लाट क्रमांक	:	.....
मकान नं.	:	.....
सड़क	:	.....
वार्ड नं.	:	.....
शहर	:	खण्डवा
वर्ग	:	(सामान्य / गरीबी रेखा से नीचे) .....
मुझे जल प्रदाय	:	(क) घरेलू / आवासिक संयोजन हेतु चाहिए
		(ख) संगठनात्मक/ संस्थागत संयोजन हेतु चाहिए
		(ग) वाणिज्यिक संयोजन हेतु चाहिए
		(घ) औद्योगिक संयोजन हेतु चाहिए

1. जल प्रदाय संयोजन प्राप्त करने के लिए नीचे दिए गए दर अनुसार राशि जमा करने के लिए सहमत हूं:—

- प्रारंभिक सुरक्षा जमा रु. .....
- मीटर सुरक्षा जमा रु. .....
- ड्रिलिंग तथा टेपिंग प्रभार रु. .....
- अन्य जमा (यदि उपभोक्ता किरायेदार है) रु. .....
- फेरूल, सेडल पीस एवं लेबर आदि रु. .....
- अन्य प्रभार यदि कोई हो रु. .....
- कुल योग रु. .....

2. मुझे नियमों और उपविधियों की जानकारी है तथा मैं उनका पालन करूंगा और समय-समय पर बकाया राशि जमा करूंगा.

3. मैं उपरोक्त परिसर जिसके लिये संयोजन चाहा गया है का मकान मालिक हूं/ अधिकृत किरायेदार हूं. जिसके लिए निम्नलिखित दस्तावेज संलग्न किये गए हैं:—

(क) विक्रय विलेख/ सनद.

(ख) मृत्यु प्रमाण-पत्र, यदि आवश्यकता हो तो.

(ग) चार प्रतियों में नक्शा (प्लान)

(घ) भूमि स्वामी द्वारा जारी किया गया अनापत्ति प्रमाण-पत्र (रुपये 100/- से अधिक के स्टाम्प पेपर पर)

(ङ) शासकीय पट्टेदार रजिस्ट्रीकृत करार.

(च) सक्षम न्यायालय का आदेश. (यदि आवेदक किरायेदार हो तो)

मैं यह घोषणा करता हूं कि—

(1) दस्तावेज जो कि मेरे द्वारा प्रस्तुत किये गये हैं, की सत्यता के लिए मैं स्वयं जिम्मेदार हूं.

(2) मैं एजेन्सी/ प्लम्बर . . . . . से संयोजन का कार्य कराऊंगा जिसके पास नगरपालिक निगम द्वारा जारी की गई अनुज्ञप्ति है.

(3) मैं संबंधित विभाग से सड़क काटने की अनुज्ञा प्राप्त करने के बाद ही जल प्रदाय संयोजन प्राप्त करूंगा और अपशिष्ट जल की निकासी के लिए नाली बनवाऊंगा.

(4) मैं सहमत हूं कि नगरपालिक निगम द्वारा लगाए गए मीटर की सुरक्षा की जिम्मेदारी मेरी है. यदि मीटर खराब होता है तो मैं नगरपालिका निगम को सूचित करूंगा. मैं देयक की प्राप्ति की तारीख से एक माह की कालावधि के भीतर मीटर बदलवाने का वचन देता हूं.

(5) मैं समझता हूं कि यदि निरीक्षण के दौरान मेरा मीटर खराब पाया जाता है और यदि मैं उसे बदलवाने में असफल रहता हूं तो रियायतग्राही को मेरा जल प्रदाय संयोजन काटने का अधिकार होगा. नगरपालिक निगम और रियायतग्राही को सूचना देने के पश्चात् मीटर हटाया एवं पुनः लगाया जाएगा.

(आवेदक के हस्ताक्षर)

तारीख : . . . . . .

नाम : . . . . . .

पता : . . . . . .

मेरी उपस्थिति में आवेदक ने हस्ताक्षर किए

के. एम. सी. अभियंता
नगरपालिक निगम, खण्डवा

साक्षी :

नाम : . . . . . .

हस्ताक्षर : . . . . . .

नाम : . . . . . .

हस्ताक्षर : . . . . . .

प्लंबर के हस्ताक्षर

रियायतग्राही

तारीख :

अनुज्ञप्ति क्रमांक . . . . . .

नगरपालिक निगम, खण्डवा तथा उपभोक्ता के बीच किया जाने वाला करार

(नगरपालिक निगम के नियमों तथा शर्तों के अनुसार संशोधित किए जाने योग्य)

यह करार जल प्रदाय संयोजन प्राप्त करने के लिए श्री/ श्रीमती ..... (नाम) तथा के. एम.सी., अभियंता वास्ते नगरपालिक निगम, खण्डवा के मध्य निष्पादित किया गया.

इस करार में श्री/ श्रीमती ..... पता ..... जिला खण्डवा प्रथम पक्षकार तथा के. एम. सी., अभियंता, नगरपालिक निगम, खण्डवा द्वितीय पक्षकार कहे जाएगें.

मैंने करार का अध्ययन कर लिया है तथा मैं उसके लिए नीचे दिए गए नियमों तथा शर्तों से सहमत हूं:—

1. मैं/ हम नगरपालिक निगम द्वारा, उनके द्वारा बनाई गई उपविधियों को प्रभावशील करने हेतु रियायतग्राही/ प्राधिकृत अभिकर्ता से सहमत हूं/ हैं.

2. मैं/ हम नगरपालिक निगम द्वारा, निर्धारित जल प्रभारों का भुगतान करने के लिए सहमत हूं/ हैं.

3. यदि मैं/ हम शेष राशि का दो मास तक भुगतान नहीं कर सकें तो नगरपालिक निगम को बिना किसी सूचना के जल संयोजन विच्छेद करने का अधिकार होगा जिसके लिए मैं/ हम जिम्मेदार होंगे.

4. मैं/ हम इस बात से सहमति व्यक्त करते हैं कि नगरपालिक निगम/ रियायतग्राही को, जो कि कलक्टर, खण्डवा के लिए राजस्व संग्रहित करेंगे, मेरी/ हमारी, चल/ अचल संपत्ति से शेष राशि काटने की अनुमति होगी.

5. मैं/ हम इस बात पर सहमति व्यक्त करते हैं कि वह प्रयोजन जिसके कि लिए मैंने/ हमने जल संयोजन प्राप्त किया है, उसी प्रयोजन के लिए उपयोग करेंगे और यदि मैं/ हम जल का दुरूपयोग करते पाए जाएं तो हम उपयोग किए गए जल के लिए दोगुने बिल (देयक) का भुगतान करने के दायी होंगे तथा नगरपालिक निगम तथा रियायतग्राही को मेरे/ हमारे जल संयोजन को काटने का अधिकार होगा.

6. मैं/ हम इस बात से सहमति व्यक्त करते हैं कि मैं/ हम जल प्रभार देयक की प्राप्ति की तारीख से तीस दिन की कालावधि के भीतर उसका भुगतान कर देंगे तथा यदि मेरे/ हमारे द्वारा उक्त देयक का भुगतान नहीं किया जाता है तो मेरे/ हमारे द्वारा उक्त राशि पर एक प्रतिशत प्रतिमाह ब्याज देय होगा.

7. मैं/ हम यह जवाबदारी लेते हैं कि—

   (क) नगरपालिक निगम द्वारा जल संयोजन के लिए निर्धारित फेरूल से बिछाई गई एम.डी.पी.ई. या जी. आई.पी. पाईप लाइन का अनुरक्षण तथा मरम्मत मेरे अकेले की जिम्मेदारी होगी;

   (ख) सर्विस लाइन नाले या गटर के ऊपर से नहीं बिछाई जाएगी;

   (ग) अपरिहार्य परिस्थितियों में यदि सर्विस लाइन नाले या गटर के ऊपर से होकर बिछाई जाती है तो उक्त पाईप लाइन को एक बाहरी वायु रोधी तथा जल रोधी पाईप या आवरण या जी आई पाईप से, जो कि संयोजन पाईप लाइन के व्यास के दोगुने के समतुल्य हो, आच्छादित किया जाएगा तथा ऐसी परिस्थितियों में किसी प्रकार के जल प्रदूषण के लिए मैं/ हम जिम्मेवार होंगे;

   (घ) यदि सर्विस लाईन में रिसाव हो जाता है तथा उसकी मेरे द्वारा मरम्मत नहीं की जाती है तो नगरपालिक निगम अथवा रियायतग्राही को मेरा संयोजन काटने का अधिकार होगा.

8. मैं/ हम इस बात से सहमति व्यक्त करते हैं कि किसी पाईप लाइन की औसत आयु 15 वर्ष है. 15 वर्ष के पश्चात् अथवा पाईप लाइन के क्षतिग्रस्त होने की दशा में उसे बदलने की जिम्मेदारी उपभोक्ता की होगी तथा मैं/ हम ऐसा करने की सहमति व्यक्त करते हैं.

9. मैं/ हम इस बात से सहमति व्यक्त करते हैं कि मेरी/ हमारी सम्पत्ति पर यदि कोई शेष बकाया भुगतान शोध्य होगा तो मैं/ हम ऐसे बकाया/ भुगतान नहीं किए गए देयकों के भुगतान के लिए उत्तरदायी होंगे.

10. मैं/ हम इस बात से सहमति व्यक्त करते हैं कि मेरे/ हमारे पाईप लाइन संयोजन में काटने/ खोलने/ खोदने के लिए नगरपालिक निगम/ लोक निर्माण विभाग/ किसी अन्य विभाग की पूर्व अनुमति मुझे/ हमें लेनी होगी, यदि ऐसी प्रक्रिया में खुदाई के दौरान नगरपालिक निगम अथवा लोक निर्माण विभाग की सम्पत्तियों को क्षति पहुंचती है तो मैं/ हम ऐसी क्षति का भुगतान करने के लिए जिम्मेदार रहूंगा/ रहेंगे.

11. मैं/ हम निर्धारित जल प्रभारों का भुगतान करने के लिए तैयार हैं.

12. मैं/ हम इस बात से सहमति व्यक्त करते हैं कि यदि मैं/ हम नगरपालिक निगम द्वारा बनाए गए किन्हीं भी नियमों को तोड़ते हैं तो मेरा/ हमारा जल संयोजन किसी भी समय काटा जा सकता है. ऐसी स्थिति में मुझे/ हमें पिछले तीन माहों पर आधारित औसत देयक की राशि का भुगतान करना होगा.

13. मैं/ हम नगरपालिक निगम अथवा रियायतग्राही द्वारा निर्धारित संयोजन या पुनर्संयोजन की लागत का भुगतान करने की सहमति व्यक्त करते हैं.

14. मैं/ हम इस बात से सहमति व्यक्त करते हैं कि यदि नगरपालिक निगम अथवा ग्राही के पास जल प्रदाय मीटर उपलब्ध नहीं है तो मैं/ हम ऐसे मानक के मीटर का क्रय करेंगे जैसा कि नगर पालिक निगम द्वारा निर्धारित किया जाए.

15. मैं/ हम इस बात से सहमति व्यक्त करते हैं कि मीटर को अच्छी/ चालू अवस्था में बनाए रखना मेरी/ हमारी जिम्मेदारी होगी. यदि नगरपालिक निगम अथवा रियायतग्राही यह पाता है कि जल मीटर की सील को क्षति पहुंचाई गई है अथवा मीटर को जानबूझकर मेरे/ हमारे द्वारा बन्द किया गया है तो नगरपालिक निगम को जल प्रदाय संयोजन को काटने का अधिकार होगा तथा जल मीटर का अनुरक्षण प्रभार का मेरे/ हमारे द्वारा भुगतान किया जाएगा.

16. मैं/ हम इस बात से सहमति व्यक्त करते हैं कि यदि मीटर तीन माह से अधिक से बन्द पाया जाता है तो, मुझे/ हमें अधिकतम औसत अथवा समान दर देयक, जो भी अधिक हो, का भुगतान करना होगा.

17. मैं/ हम इस बात से सहमति व्यक्त करते हैं कि वाटर मीटर की सुरक्षा के लिए मैं/ हम, मेरी/ हमारी स्वयं की लागत से ईंट व सीमेंट के एक कक्ष का निर्माण करेंगे.

18. मैं/ हम इस बात से सहमति व्यक्त करते हैं कि मीटर के लगाए जाने की लागत का भुगतान मेरे/ हमारे द्वारा एक बार में किया जाएगा.

19. मैं/ हम इस बात से सहमति व्यक्त करते हैं कि नगरपालिक निगम और रियायतग्राही को दिन में किसी भी समय वाटर मीटर का निरीक्षण का अधिकार होगा.

20. मैं/ हम इस बात से सहमति व्यक्त करते हैं कि किसी शिकायत अथवा आपत्ति की दशा में मैं/ हम सर्वप्रथम लंबित देयक का भुगतान करेंगे तथा ऐसी शिकायत का समाधान होने के पश्चात् मेरे/ हमारे द्वारा किए गए भुगतान को आने वाले देयकों में समायोजित किया जाएगा.

21. मैं/ हम इस बात से सहमति व्यक्त करते हैं कि मैं/ हम पाईप लाइन से मोटर पम्प द्वारा पानी नहीं लेंगे यदि नगरपालिक निगम या रियायतग्राही जल खींचने वाली मोटर को पाईप लाइन के साथ जुड़ा हुआ पाते हैं तो उन्हें जल संयोजन काटने का अधिकार होगा. यदि जल खींचने वाली मोटर के कारण जल मीटर खराब हो जाता है तो हम ग्राही को अनुरक्षण/ मरम्मत के प्रभारों का भुगतान करने के दायी होंगे.

22. मैं/ हम इस बात से सहमति व्यक्त करते हैं कि नगरपालिक निगम/ रियायतग्राही की किसी पूर्व अनुमति के बिना मैं/ हम पाईप लाइन में कुछ भी परिवर्तन नहीं करेंगे/ उसे बदलेंगे नहीं. यदि नगरपालिक निगम या रियायतग्राही द्वारा ऐसा पाया जाता है तो ऐसी दशा में उन्हें जल संयोजन काटने का अधिकार होगा.

23. यदि निरीक्षण के दौरान मीटर खराब पाया जाता है तो उक्त मीटर के बदले जाने और फिर से स्थापित किए जाने के समय तक पूर्व के देयक में जल की अधिकतम खपत तक के अनुसार गणना कर उपभोक्ता पर प्रभारित किया जाएगा.

(1) 5 प्रतिशत धीमा या तेज है तो वास्तविक खपत पर;

(2) पूर्व के आने वाले देयक की औसत गणना पर;

(3) संयोजन की प्रवाह क्षमता पर उसके आकार प्रदाय के घंटों आदि पर विचार करते हुए, परन्तु विगत बारह महीनों के दौरान दर्ज मासिक खपत के दोगुने से अधिक न हों.

उपभोक्ता के हस्ताक्षर

के. एम. सी.
अभियंता,
नगरपालिक निगम, खण्डवा.

नवीन कालोनियों के लिए दिशा-निर्देश.—1. नवीन कालोनियों जिन्होंने अनुज्ञा प्राप्त की है या जिनके पास विकास प्रमाण-पत्र हैं, ऐसी कालोनियों के कालोनाइजर को प्रत्येक भू-खण्ड पर वैयक्तिक संयोजन लेना होगा और ऐसे भू-खण्डों पर/ भवनों पर आवश्यक रूप से एक वाटर मीटर भी लगाया जाएगा. संबंधित भू-खण्डों को वितरण के लिए ऐसी पाईप लाइन की लागत का भुगतान कालोनाइजर को करना होगा, वही पाईप लाइन अन्य कालोनियों तक भी बढ़ाई जा सकती है इसके लिए नगरपालिका निगम के पास अधिकार होगा.

2. मध्यप्रदेश नगरपालिका निगम अधिनियम, 1956 (क्रमांक 23 सन् 1956) के उपबंधों और उसके अधीन बनाए गए नियमों के अनुसार और साथ ही कालोनाइजर नियम, यदि कोई हों के अनुसार जल प्रदाय के लिए ओव्हर हेड टंकी का निर्माण करना कालोनाइजर से न्यूनतम अपेक्षा होगी. चूंकि उक्त जल प्रदाय योजना का संचालन किया जा रहा है, अतएव कालोनाइजर एक ओव्हर हेड टंकी का निर्माण करेंगे अन्यथा उसे टंकी बोरिंग के निर्माण की राशि नगरपालिक निगम के कार्यालय में जमा करनी होगी. ऐसी टंकी के निर्माण के लिए कालोनाइजर को भूमि का एक टुकड़ा नगरपालिक निगम, खण्डवा को अंतरित करना होगा.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
के. के. कातिया, उपसचिव.

भोपाल, दिनांक 20 अक्टूबर 2014

क्र. एफ 1-20-2014-अठारह-3.—भारत के संविधान के अनुच्छेद 348 के खण्ड (3) के अनुसरण में, इस विभाग की अधिसूचना क्रमांक 90 एफ 1-20-14-अठारह-3, दिनांक 20 अक्टूबर 2014 का अंग्रेजी अनुवाद राज्यपाल के प्राधिकार से एतद्द्वारा प्रकाशित किया जाता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
के. के. कातिया, उपसचिव.

Bhopal the 20th October 2014

Not. No. 90-F 1-20-2014-XVIII-3.—In exercise of the powers conferred by Section 427 and 430 read with Section 431 of the Madhya Pradesh Municipal Corporation Act, 1956 (No. 23 of 1956), the Municipal Corporation, Khandwa, hereby, makes the following byelaws for Water Metering and Regularization of connection under public private partnership system in the urban area of the said Corporation, namely:—

BYELAWS

1. **Short title, application and commencement.**—(1) These bye-laws may be called the Water Metering and Regularization of connection Byelaws, 2014.

(2) These byelaws shall be applicable in the area of Municipal Corporation Khandwa as well as for the new areas which shall be included under the said Municipal Corporation.

(3) It shall come into force from the date of their publication in the Madhya Pradesh Gazette.

2. **Definitions.**—In these byelaws, unless the context other wise requires,—

(a) "Act" means the Municipal Corporation Act, 1956 (No. 23 of 1956);

(b) "Byelaws" means the right and duty between the Concessionaire and Customer for water supply under the public-private partnership scheme for a concession period;

(c) "Commercial connection" means the consumption of water drawn by the institution/ proprietor / organization like Hostels, Shops, Theatres, Laundries, Community Halls, Private Hospitals, Hotels, Marriage Garden, Showroom, Godowns and similar institutions;

(d) "Commercial operation date" means the date of finishing successful inspection after the construction of Water Supply Scheme, which shall be notified by the Municipal Corporation, Khandwa in writing;

(e) "Commissioner" means Commissioner of Municipal Corporation, Khandwa;

(f) "Communication pipe" is system of pipe lines or their branches for the supply of water to domestic, institutional, commercial and industrial land, house, garden or industry. Connection pipe and meter are included in this;

(g) "Concessionaire" means private agency authorized by the Municipal Corporation, Khandwa which has been appointed in accordance with the agreement;

(h) "Consumer" means any person or institution currently getting the benefit of water supply from Municipal Corporation, Khandwa or will get the benefit in future in its own name or as a Manager through Concessionaire;

(i) "Connection pipe" means part of pipe which connects ferule to stop cock;

(j) "Corporation" means Municipal Corporation, Khandwa for the purpose of these byelaws;

(k) "Domestic connection" means the consumption of water drawn by the people for the need of only domestic purposes like drinking, cooking, bathing, washing, cleaning and flushing of toilets, household gardening, pet animals and individual air conditioning;

(l) "Ferule" means part of connection pipe to connect main pipe or branches to connection pipe;

(m) "Industrial connection" means the consumption of water done by industries like Oil Mills, Dal Mills, Paper Mills, Ice Factories, Service Stations, Workshops, Fcundries, Packing Industries or any other industry which consumes water for producing the final product directly or for the purpose of serving domestic needs of the people working or staying in the industries and any other industry which is defined by Industries Department;

(n) "Institutional connection" means the consumption of water drawn by the institutions like school, colleges, offices, hospitals (Government, Semi-Government and Private), Charitable Trust, public gardens and institutions not run for profit;

(o) "Main pipe" means pipe wnich is connecting to the: water collecting pipe for water supply purpose;

(p) "Meter" means device for measuring quantity of water;

(q) "Price Review committee" means committee shall consist of 4 members the commissioner/chief account officer, the KMC engineer, Municipal chief auditor and one representative of the Concessionaire;

(r) "Service pipe" means pipe which is used for water supply from stop cock to premises of house, institution, commercial and industrial place and garden;

